महत्वपूर्ण एवं खास

मुख्य कलश उठाएगी कु. भारती

बुढ़ी माई कलश यात्रा मंगलवार 12 मार्च को
युवा देवांगन समाज का विशेष योगदान

रायगढ़। देवांगन समाज की कुलदेवी मां परमेश्वरी उत्सव के अवसर पर देवांगन समाज द्वारा 12 मार्च मंगलवार को शहर में निकाली जा रही बूढ़ी माई कलश यात्रा में संजय नगर रायगढ़ की कु. भारती देवांगन पिता-श्री राधेश्याम देवांगन मुख्य रूप से प्रथम कलश उठाएगी तथा दूसरा संजय नगर की कु. उमा देवांगन एवं तीसरा कोष्टा पारा पैलेस रोड की खुशबू मेहर कलश उठाएगी। इसी तरह मुख्य कलश के पीछे लगभग सैकड़ों की तादाद में समाज की अन्य कुवारी कन्याएं एवं महिलाएं कलश उठाएगी। कलश यात्रा में नन्हीं बच्चियां नौ दुर्गा का रूप धारण करेगी। साथ ही विभिन्न झांकिया कलश यात्रा की रौनक बढ़ाएगी। कलश यात्रा में युवा देवांगन समाज का विशेष योगदान रहेगा।

ट्रक की ठोकर से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त दूसरे दिन भी बनी रही कुछ इलाके में समस्या

रायगढ़। शनिवार आधी रात बाजीरावपारा में हुए सड़क दुघर्टना से ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने के बाद पूरा वार्ड व आसपास के मोहल्लेवासियों में रोष था। इस दुघर्टना के बाद वार्ड पार्षद मुक्तिनाथ साहू बबुआ ने यातायात डीएसपी आरके मिंज को पत्र देते हुए रोड में भारी वाहन का परिचालन जन भवाना के मद्देनजर बंद करने की मांग किये है।

गौरतलब है कि शुक्रवार की देर रात ट्रक ने हनुमान मंदिर के पास स्थित ट्रांसफार्मर को ठोकर मार दिया था, जिसके बाद ट्रांसफार्मर खंभा सहित धराशायी हो गया था। दुर्घटना रात के समय होने की वजह से कोई जनहानि नही हो पाई लेकिन खंभा टूटने की वजह से पूरे इलाके की लाइट रात भर बंद थी जिसमें शनिवार दिन भर लोगो को बिजली की समस्या से जूझना पड़ा, वही यह समस्या रविवार दिन में भी रही। जिसमें कुछ इलाके में घरों में बिजली अप डाउन होने की शिकायत सामने आई है। बहरहाल इस मामले पार्षद द्वारा पत्र दिए जाने के बाद डीएसपी आरके मिंज ने उचित कार्रवाई का अश्वासन दिया है।

युवक ने किया जहर सेवन हुई मौत

रायगढ़। भपदेवपुर थाना क्षेत्र तिलक राम राठिया पिता भागीरथी राठिया उम्र 28 वर्ष परसदा ग्राम का रहने वाला है। तिलक शनिवार रात को खाना खाकर घर में परिजनों के साथ 9 बजे तक बैठा था। इस बीच मतृक घर मे रखा खेत मे दवा छिड़कने वाला कीटनाशक का सेवन कर लिया। इस घटना के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। वही घर में मौजूद परिजन युवक की दशा एकाएक बिगड़ते देख हतप्रभ हो गए। आनन-फानन में जिंदल अस्पताल लेकर गए जहा युवक ने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। युवक ने इस कारनामे के बाद पूरा परिवार शोक में है, वही तिलक किस वजह से जहर का सेवन किया है इसको लेकर पुलिस मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

एक तरफा प्रेम में युवक ने युवती पर किया जानलेवा हमला, युवती की हालत गंभीर

जांजगीर-चांपा जिले से एक बड़ी खबर आ रही है. एक तरफा प्रेम में एक युवक ने एक युवती पर जानलेवा हमला कर दिया है. घायल युवती की हालत गंभीर बताई जा रही है. हमले के बाद युवक ने खुद को भी घायल कर दिया. घायलों को मालखरौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है. फिलहाल दोनों का इलाज किया जा रहा है. घटना मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़े सीपत की बताई जा रही है.

वेब कास्टिंग में ही खर्च हो जाएंगे 2 करोड़, निर्णय नहीं कर पा रहा आयोग

रायगढ़। लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने 368 मतदान केन्द्रों में निगरानी के लिए वेब कास्टिंग का प्रस्ताव भेजा है। आयोग के 25 प्रतिशत वाले फार्मूले पर यह प्रस्ताव बनाया गया है लेकिन इससे करीब 2 करोड़ का बजट बढ़ जा रहा है। इसलिए लाइव पोलिंग दिखाने के लिए वेब कास्टिंग केन्द्रों की संख्या तय करने में आयोग फैसला नहीं ले पा रहा है।

विधानसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया की वेबकास्टिंग (निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर सीधा प्रसारण) करने के बाद अब लोकसभा में भी इसे फॉलो किया जाना है। आयोग ने जिले में 1470 मतदान केन्द्रों में से 25 प्रतिशत केन्द्रों में वेबकास्टिंग के लिए प्रस्ताव मांगे थे। जिला प्रशासन ने संवेदनशील व अतिसंवेदनशील केन्द्रों के साथ 368 मतदान केन्द्रों की सूची आयोग को भेज दी लेकिन अब तक इसमें फैसला नहीं हो पाया है। दरअसल आयोग के मानकों के अनुसार वेब कास्टिंग के लिए जो जरूरी संसाधन की जरूरत है। उसे सभी 268 केन्द्रों में पूरा करने में करीब डेढ़ से 2 करोड़ रूपए का खर्च होने का अनुमान है। जिले में अभी बीते विधानसभा चुनावों का ही बिल का भुगतान नहीं हो सका है। ऐसे में निर्वाचन आयोग अब तक निर्णय नहीं ले सका है कि आखिरकार कितने मतदान केन्दों में वेब कास्टिंग के लिए सिस्टम तैयार कर लाइव पोलिंग दिखाई जाए।मालूम हो कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए ये व्यवस्था लागू की गई है। इससे देश का कोई भी नागरिक मतदान केंद्र में आने वाले मतदाताओं, चुनाव ड्यूटी पर बैठे पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों के साथ-साथ हर व्यक्ति की गतिविधियां लाइव देख सकता है। इन सभी गतिविधियों के लाइव होने से यदि कोई भी असामाजिक तत्व मतदान की प्रक्रिया की व्यवस्था में बाधा डालता है, तो उसका पूरा रिकार्ड वेब कास्टिंग टेब में दर्ज होगा। इससे काफी हद तक गड़बड़ियां कम होंगी।

तो बढ़ाना होगा 368 का स्टाफ

वेब कास्टिंग वाले पोलिंग बूथ में वेब कैम एवं इंटरनेट के साथ दूसरी डिवाइस लगाई जाएंगी। मतदान से आधे घंटे पहले से लेकर मतदान समाप्त होने के आधे घंटे तक का इसमें फुटेज अपलोड होगा। रिजल्ट आने तक वेब कास्टिंग के सारे रिकार्ड सुरक्षित रखे जाएंगे। इसके लिए ऐसे 368 मतदान केंद्रों में एक वेब कास्टिंग अफिसर की भी नियुक्त करनी होगी।

2014 में बस्तर से हुई शुरूआत

2014 के लोकसभा चुनाव में नक्सली खौफ के कारण आयोग ने छग के बस्तर में वेब कास्टिंग पोलिंग सेंटर का प्रयोग शुरू किया था। इसके बाद विधानसभा चुनाव में सभी जिलों में इसे आंशिक रूप से लागू किया गया था। गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आयोग ने अपने स्तर से ही वेंडर तय कर सभी जिलों में वेब कास्टिंग का काम दिया था।

विस में यहां हुई थी वेबकास्टिंग

जिले में नवंबर महीने में विधानसभा चुनाव के दौरान केवल 9 केन्द्र ही वेब कास्टिंग वाले बनाए गए थे। इसमें लैलूंगा का ईश्वरपुर व रोडोपाली, रायगढ़ का सिंगपुरी, सारंगढ़ का पिकरीमाल व दुलोपाली को चुना गया था। जबकि खरसिया का आइपथरा व कुनकुनी तथा धरमजयगढ़ का कोनपारा व तरेकेला केन्द्र में वेब कास्टिंग की गई थी।

टीईटी में बीएड स्तर के ज्यादा सवाल, साढ़े 10 हजार ने दी परीक्षा

रायगढ़। जिले में रविवार को 34 परीक्षा केन्द्रों में शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित हुई है। टीईटी की इस परीक्षा में अभ्यर्थियों से बीएड स्तर के ज्यादा सवाल पूछे गए थे। प्रश्नपत्र में हिंदी व अंग्रेजी का स्तर तो सामान्य था लेकिन मानसिक योग्यता के सवालों ने भावी शिक्षकों को परेशान किया है।

शहर में रविवार को शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए 34 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए थे। पहली पाली में प्राथमिक परीक्षा (कक्षा एक से 5 तक अध्यापन पात्रता) सुबह साढ़े 9 से दोपहर सवा 12 बजे तक हुई। इसमें 11474 अभ्यर्थी में से 10484 ने अपनी किस्मत आजमाई और 990 ने फार्म भरकर भी उपस्थिति नहीं दी। वहीं दूसरी पाली में दोपहर 2 से शाम पौने पांच बजे तक उच्च प्राथमिक परीक्षा (कक्षा 6 से 8वीं अध्यापन पात्रता) के लिए कुल 8 हजार 555 उम्मीदवारों ने किस्मत आजमाई। दूसरी पाली से 874 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे हैं। टीईटी की परीक्षा में इस बार बीएड के पाठ्यक्रम से संबंधित ज्यादा सवाल किए गए थे। बालकों की मानसिक योग्यता, व्यवहार एवं कक्षा में उनके आचरण को लेकर भी सवाल किए गए थे। जानकारों के अनुसार बीएड या डीएड किए हुए अभ्यर्थियों को तो इसमें आसानी हुई लेकिन फ्रेशर स्टूडेंट्स इन सवालों को लेकर उलझते रहे।

परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रनिक उपकरण प्रतिबंधित किया गया था। टीईटी के परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थी को सिर्फ पहचान पत्र, पेन और प्रवेश पत्र अंदर ले जाने की ही अनुमति दी गई थी। इसके अलावा किसी प्रकार का सामान या कंपास बाक्स भी नहीं ले जाने दिया जा रहा था।

स्वाइन फ्लू ने दी दस्तक मेकाहारा डॉक्टर को लिया अपने गिरफ्त में

रायगढ़। राजधानी रायपुर के बाद अब रायगढ़ में भी स्वाइन फ्लू ने अपनी दस्तक दे दी है। जिसमें मेडिकल कलेज हस्पिटल के सीनियर डाक्टर को स्वाइन फ्लू में पाजिटिव पाया गया है। डाक्टर को स्वाइन फ्लू होने से अंचल में चर्चा का विषय बना हुआ है वही स्वाइन फ्लू का मामला सामने आने के बाद अस्पताल में काम करने वाले स्टाफ के बीच हड़कंप मच गया है।

जिसमें लोगो में यह बीमारी कही पैर पसार न ले इसको लेकर शहर वासियों में भय का माहौल बना हुआ है। स्वाइन फ्लू पाजिटिव पाए जाने के बाद फिलहाल उन्हें घर पर आरम की सलाह दी गई है।

विडंबना यह है कि जिस संस्था में लोग निरोग होने के लिए आते है उस जगह काम करने वाले एक डाक्टर को बीमारी से ग्रसित पाया गया है। बताया जा रहा है कि अस्पताल में ही एक मरीज के ईलाज करने के दौरान हुए इंफेक्शन के कारण संबंधित डाक्टर को स्वाइन फ्लू हुआ है। ऐसे में अब अस्पताल के ओपीडी में आने वाले सैंकड़ों मरीजों पर बीमारी का असर न हो, इसको लेकर अस्पताल प्रबंधन के सामने अब इसके लिए व्यवस्था करने की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। विदित है कि स्वाइन फ्लू गत वर्ष पांच लोगों को अपनी चपेट में लिया था। बहरहाल इस मामले में अस्पताल प्रबधंन सतर्क हो गया है।

वैक्सीन डाक्टरों के लिए नर्सो को रखा गया दूर

इस वर्ष स्वाईन फ्लू का पहला मामला सामने आने के बाद अस्पताल में बीमारी से बचाव के लिए एंटी वैक्सीन मंगाई गई है, लेकिन वर्तमान में यह वैक्सीन सिर्फ डाक्टरों के लिए ही उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि अस्पताल में काम करने वाले सैंकड़ों नसिर्ग स्टाफ को इससे अलग रखा गया है। जिसको लेकर नसिर्ग स्टाफ के बीच नाराजगी भी है।

बच्चों को 2 बूंद पोलियो वैक्सीन पिलाकर विधायक ने किया अभियान का शुभारंभ

रायगढ़। राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान 2019 10, 11 एवं 12 मार्च का उत्साहपूर्ण माहौल में सफलता पूर्वक प्रारंभ हुआ है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विकलांगों के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में सकल सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

Topper Students Last Session

ADMISSION OPEN

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480